Administrations should take measures to restrict the hours of employment at a stretch of running staff from "signing on" to "'signing off to ten hours, save in exceptions circumstances of unavoidable operational exigencies or of accidents, floods, emergencies, etc.

These instructions were modified in 1981 to clarify the exclusion of certain non-running periods.

In pursuance of the judgment of the Central Administrative Tribunal Madras Bench, Ernakulam, necessary hearing was given to the representative of all India Loco Running Staff Association present and representation submitted by them was duly considered by the competent authority and disposed off. The Railway Administration does not consider it necessary to change the present instructions.

दिल्ली परिवहन निगम की बस सेवाएं

883. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या जल–भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में तीन मूर्ति और मोरी गेट के बीच रूट नं० 200 की बस सेवा हाल ही में रद्द कर दी गई है जिसके परिणामस्वरूप आम जनता और विद्यार्थियों को असुविधा हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस रूट को रद्द करने के क्या कारण हैं और क्या इस रूट को फिर से शुरू करने का कोई विचार है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

जल–भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री राजेश पायलट) : (क) से (ग) रूटों को युक्तिसंगत बनाने के एक भाग के रूप में दिल्ली परिवहन निगम ने रूट संख्या 200 सहित ऐसे कुछ रूटों का प्रचालन रद्द कर दिया है जो अलाभकर थे और अन्य रूटों के समानान्तर चल रहे थे । इस क्षेत्र के यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए रूट संख्या 20 को अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल तक बढ़ा दिया गया है और उसे दो अधिक बसें लगाकर सुदृढ़ बना दिया गया है, इस प्रकार 28/56 मिनट के बजाए 16/32 मिनट करके सुधार किया गया है । इसके अलावा छात्र समुदाय की सुविधा के लिए कालेज प्राधिकारियों और छात्र प्रतिनिधियों के परामर्श से इस रूट पर चार विशेष ट्रिप सुलभ कराए गए हैं । रूट संख्या 200 की सेवाएं पुन: चालू करने का दिल्ली परिवहन निगम का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है ।

Import of Locomotives

884. SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the locomotives recently imported by railways have been tested; and

(b) if so, the details of the performance thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

संसद भवन में शाकाहारी और मांसाहारी भोजन एक ही रसोईघर में बनाया जाना

885. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संसद भवन स्थित रेलवे कैंटीन में शाकाहारी और मांसाहारी दोनों प्रकार का भोजन/व्यंजन एक ही रसोईघर में बनाया जाता है ;